नरवाई जलाने पर लगा प्रतिबंध, दो माह तक रहेगा प्रभावशील

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में नरसिंहपुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर शीतला पटले ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रतिबंध लगाया है। जनसामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सीमाओं में खेत में खेड़े गेहूं के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाये जाने पर प्रतिबंध लगाया है।

इस आदेश को 24 अक्टूबर से दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। नरवाई में आग

लगाने से भूमि में मौजूद माइक्रोब्ज की क्षति होती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई हैं तथा व्यापक सम्पत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं।

राज्य शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगान वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये का अर्थदंड प्रति घटना का प्रावधान किया गया है। जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार खेत की आग के नियंत्रित होने तक जन, सम्पत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक परिस्थितिक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, इन्हें जलाकर नष्ट करना प्राकृतिक खाद्य को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिले में कई कृषकों द्वारा रोटोवेटर व अन्य साधनों से गेहूं के डंठल खेत से हटाने के लिए साधन अपनाये जाने लगे हैं। अतः कृषकों के पास वैकल्पिक सुविधा जो कि जनहित में भी उपलब्ध हो गई है। नरवाई जलाने से भूमि की लवण सांद्रता प्रभावित होती है, जो पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण की दर निर्धारित करती है। उल्लेखनीय है कि उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि जिले में फसल कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर फसल काटने के उपरांत भूमि में जड़ व डूढ (नरवाई) को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है। इससे व्यापक अग्नि दुर्घटनायें होकर जन- धन की हानि होती है। इसे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाना जनहित में आवश्यक है, जिस पर जिला दंडाधिकारी द्वारा उक्त आदेश जारी किया है ।

शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरक विक्रय करे अन्यथा होगी कठोर कार्रवाई

जिले में इस वर्ष होगा उर्वरक का अधिक वितरण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अनुसंशित मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों को क्रय करें व अनावश्यक भण्डारण नहीं करें। राज्य शासन द्वारा यूरिया के लिए 266.50 रुपये और डीएपी 1350 रुपये की दर निर्धारित की गई है।

जिले के किसान निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का क्रय करें। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भण्डारण व परिवहन रोकने के लिए टीम का गठन कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत ठोस वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

किसानों की मांग के अनुरूप जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता

उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों की मांग के अनुरूप जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता बनाई गई है। उन्होंने बताया कि रबी सीजन के लिए जिले को डीएपी की तीन रैक प्राप्त हुई हैं, जिसमें 29 सितम्बर में आईएफएफसीओ डीएपी, 28 अक्टूबर में एनएफएल डीएपी और 13 नवम्बर में एनफएल डीएपी 12 हजार 148 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुई है। इसी प्रकार नरसिंहपुर रैक प्वांइट के अतिरिक्त कछपुरा (जबलपुर) एवं पिपरिया रैक प्वांइट से 275 मी. टन डीएपी एवं 480 एनपीके मी. टन का भण्डारण कराया गया।

सार-समाचार

जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

नरसिंहपुर, देशबन्धु। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2024- 25 के अनुसार संभाग स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को बैग देकर सम्मानित किया गया। संभाग स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बताया कि नरसिंहपुर के इतिहास में महाविद्यालय द्वारा पहली बार महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में जबलपुर और नरसिंहपुर जिले की टीम ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच नरसिंहपुर और जबलपुर जिले के मध्य खेला गया, जिसमें जबलपुर 3- 0 से विजयी रहा। जबलपुर की तरफ से पार्वती, आयुषी और अनुष्का द्वारा एक- एक गोल किया गया। प्रतियोगिता उपरांत विश्वविद्यालय टीम का गठन किया गया। मुख्य चयनकर्ता के रूप में एलएन रजक, डॉ राजेश ठाकुर, डॉ महिपाल सिंह द्वारा खिलाड़ियों को चयनित किया गया। यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 28 नवंबर को छिंदवाड़ा में सम्मिलित होगी और पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खेलने के लिए दिसंबर माह में कोटा राजस्थान के लिए प्रस्थान करेगी।

पुरस्कृत हुई नगर पालिका, सम्मान समारोह में मिला सम्मान

गोटेगांव, देशबन्धु। नगर विकास सरकार सम्मान समारोह में गोटेगांव नगर पालिका को शहरी ग्रामीण विकास मंत्री माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा सम्मानित किया गया। विकास के नए आयाम में स्वच्छता के साथ गोटेगांव शहर की बदलती तस्वीर नजर आने लगी है जिसमें नगर विकास सरकार आयोजन के तहत 21 नवंबर को बंसल न्यूज़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम इंदौर में गोटेगांव नगर पालिका को सम्मानित किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर की ओर से अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में सुनील भनारे सहायक ग्रेड ने इंदौर में सम्मान प्राप्त किया यह हमारे गोटेगांव के लिए बड़ी उपलब्धि है । गोटेगांव नगर पालिका द्वारा लगातार स्वच्छता के प्रति कार्य कर रही है वही सुंदरीकरण हेतु क्षेत्र में 10 हाई मार्क्स लगाए जा रहे हैं जो चौराहों को रोशन करेंगे जिसमें लोगों को सुविधा एवं क्षेत्र रौनकता आएगी।

तीन जनपद पंचायतों की चार ग्राम पंचायतों के पांच वार्डो में होंगे पंच पद के लिए निर्वाचन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2024 के रिक्त पदों के चुनाव कराने के लिए निर्वाचन की अधिसूचना 18 नवम्बर 2024 को जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिले की 4 ग्राम पंचायतों में कुल 5 पंच पद के लिए निर्वाचन होना है। जारी अधिसूचना के अनुसार नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा 26 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगी। अभ्यर्थी 28 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते है। मतदान 9 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतों की गणना मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात संबंधित मतदान केन्द्रों पर होगी। सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 16 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगी।जारी अधिसूचना के अनुसार जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवरीकलां के वार्ड क्रमांक 2 व ग्राम पंचायत सिमरिया के वार्ड क्रमांक 5 व 11, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत सुपारी के वार्ड क्रमांक 8 और जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत सहावन के वार्ड क्रमांक 9 में पंच पद के लिए निर्वाचन किया जायेगा।

शीतलहर की आहट, बच्चों व बुजुर्ग रखें खास ख्याल

गाडरवारा, देशबन्धु। गुरुवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ पारा 15.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस मौसम बच्चों व बुजुर्गों के सेहत को लेकर खास ध्यान रखने की आवश्यकता है।

रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट - रात में कड़ाके की सर्दी का अहसास हुआ। हल्की ठंडी हवाएं चल रही थी। गुरुवार की सुबह नजारा देखने लायक था। वातावरण में हल्का कोहरा भी दिखा। सूर्योदय के साथ धूप अच्छी लगने लगी। दिन चढ़ने के साथ मौसम का कलेवर भी बदला। रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

ठंडी के चलते मौसमी बिमारियां - फिलहाल दिन और रात का तापमान सामान्य से कम है। वहीं रात और दिन के तापमान में 13 डिग्री सेल्सियस का अंतर है। जिसका असर सेहत पर भी पड़ने लगा है। ठंडी के चलते मौसमी बिमारियां घेरने लगी है। खासकर बदलते मौसम का असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर दिखने लगा है। अस्पतालों के ओपीडी में इन दिनों रोजाना भीड़ लग रही है।

ठंड का अहसास -उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके प्रभाव से रातें सर्द है। ठंड का अहसास होने लगा है। नतीजा सुबह लोग देर से जाग रहे हैं। आसानी से बिस्तर छोड़ने का मन नहीं करता। सुबह की धूप अच्छी लगने लगी है। चौक-चौराहों में भी लोग सुबह चाय की चुस्कियों का आनंद उठाते दिखे।

जलने लगे अलाव, ठिठुरन का अहसास - शीतलहर चलने के कारण अब अलाव जलना शुरू हो गया है। सुबह और शाम ठंड से बचने लोगों को अलाव तापकर ठंड भगाते देखा जा सकता है। मौसम बदलने के साथ ही लोगों की दिनचर्या बदल गई है। सुबह और शाम को तापमान गिर जाता है, इसके चलते लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं। ठंड के मौसम में अलाव जलाकर आग सेकने का अपना अलग ही मजा है। ठंड के मौसम में अलाव जलाकर आग सेकने का अपना अलग ही मजा है। देशी हीटर गोरसी का चलन अब भी बना हुआ है।

गर्म कपड़ों के दुकानों में भीड़ - ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार भी शबाब पर है। प्रमुख कपड़ा दुकानों के अलावा ऊलन कपड़ों के स्टोर में गर्म कपड़ों की अच्छी बिक्री हो रही है। कपड़ा विक्रेता कुशल देवांगन, विजय देवांगन ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस गर्म कपड़ों की बिक्री अच्छी हो रही है। इस साल ठंड के मौसम को देखते हुए लग रहा है कि पूरे सीजन का स्टॉक खत्म हो जाएगा।

हम होंगे कामयाब : बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू करें, सफलता सुनिश्चित होगी

गाडरवारा, देशबन्धु। शिक्षा विभाग ने इस वर्ष जनवरी के अंतिम सप्ताह में प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे छात्रों को अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने का अवसर मिलेगा।



आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम हैं उपलब्ध - शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौड़िया के प्राचार्य जय मोहन शर्मा ने बताया कि छात्र अपनी परीक्षा की तैयारी को जांचने के लिए विभिन्न टेस्ट सीरीज का सहारा ले सकते हैं। आजकल आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यमों में टेस्ट सीरीज उपलब्ध हैं, जो छात्रों को अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने का मौका देती हैं। इस तरह के टेस्ट सीरीज से छात्रों को पुराने प्रश्न पत्रों का अभ्यास करने और अपनी कमजोरियों को पहचानने का अवसर मिलता है। इससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा जैसा माहौल मिलेगा, जो उन्हें आत्मविश्वास के साथ बोर्ड परीक्षा में बैठने में मदद करेगा।

जनवरी के अंत में प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन - प्री बोर्ड परीक्षा छात्रों को अपनी तैयारी की वास्तविक स्थिति समझने का बेहतरीन मौका प्रदान करेगी। इससे छात्रों को यह जानने में मदद मिलेगी कि उन्हें किन विषयों में ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग ने इस साल से शासकीय विद्यालयों में प्री बोर्ड परीक्षाएं जनवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इससे छात्रों को अपनी परीक्षा की संरचना से परिचित होने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने का मौका मिलेगा। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि 10 जनवरी तक पूरा पाठ्यक्रम खत्म कर लिया जाए, ताकि प्री बोर्ड परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी हो सकें।

मणिनागेन्द्र सिंह जन्मजयंती पर स्मृति सप्ताह का होगा आयोजन

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत और मानवीय सेवा के प्रतीक रहे स्व.मणिनागेन्द्र सिंह मोनू भैया की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में एक सप्ताह का भव्य स्मृति सप्ताह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाएगा, जिसमें समाजसेवा, कला, साहित्य और खेलों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार, इस सप्ताह का उद्देश्य समाज को जागरूकता, सकारात्मकता और सेवा की प्रेरणा देना है।

कार्यक्रम का विवरण - सप्ताह की शुरुआत 22 दिसंबर को क्रिकेट टूर्नामेंट से होगी। यह आयोजन खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। स्थानीय नेता सुभाष चन्द्र जी बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड क्रिकेट टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे, जिनका समापन 28 दिसंबर को होगा।

समाज में नशे की बढ़ती समस्या को देखते हुए 23 दिसंबर को नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, वर्कशॉप और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए युवाओं को प्रेरित किया जाएगा।, 24 दिसंबर को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें बच्चे और युवा अपनी कला के माध्यम से बच्चे विचारों को दर्शाएंगे। यह कार्यक्रम कला और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। 25 दिसंबर अटल बिहारी वाजपेई की जन्मजयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कवि अपनी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। 26-27 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल द्वारा लगाया जायेगा जिसमें घुटना /आर्थो स्पेशलिस्ट विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी और आवश्यक परामर्श व दवाइयां प्रदान की जाएंगी। श्रीश्री बाबा श्री जी की जन्मजयंती के दिन 27 दिसंबर को ब्लड डोनेशन कैंप इन सेवा कार्यों का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना और समाज में मानवता का संदेश फैलाना है।

स्व.मणिनागेन्द्र सिंह जन्म जयंती पर फल वितरण भंडारा, कंबल फल वितरण का आयोजन होगा। स्मृति सप्ताह का समापन 28 दिसंबर को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण के साथ होगा। विजेता टीम को ट्रॉफी और सम्मानित किया जाएगा।

समाजसेवा और प्रेरणा का संगम - इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मकता और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। मणिनागेन्द्र सिंह ने अपने जीवन में समाजसेवा और मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी। उनकी स्मृति में आयोजित यह सप्ताह समाज को उनके विचारों से जोड़ने का प्रयास है।

चीचली पटाखा एसोसिएशन के अध्यक्ष बने दिनेश जैन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिला पटाखा एसोसियेशन की चीचली गाड़रवाड़ा में बैठक मूलचंद काका के फार्म हाउस में जिला अध्यक्ष नरेंद्र राय के नेतृत्व में रखी गई जिसमें नरसिंहपुर, गोटेगांव सहित के साथ अनेक जगह के व्यापारी इकट्ठे हुए। बीते दिनों में दीपावली के त्यौहार को लेकर अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना व्यापारियों ने किया एवं अनेकों समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया सभी ने क्रमशः अपने-अपने सुझाव रखे ।

आगामी बैठकों में सर्व सम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा के साथ मुख्यमंत्री एवं स्थानीय मंत्रियों सहित जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें पटाखा दुकानों को लेकर होने वाली परेशानियों का उल्लेख होगा। बैठक मैं गोटेगांव, नरसिंहपुर, गाडरवारा , चीचली के व्यापारियों ने अपनी अपनी सुझाव विचार रखें और आगामी कार्य योजना को तैयारी की जाएगी इसी के साथआज चीचली की बैठक में वर्तमान अध्यक्ष मूलचंद पैगवार ने इस्तीफा देते हुए नए अध्यक्ष पद पर चुनाव सर्व सम्मति से कराने अपनी बात रखी ।जिस पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र राय के नेतृत्व में नवीन कार्यकारिणी सर्व सम्मति से बनाई गई जिसमें अध्यक्ष दिनेश जैन को बनाया गया। बैठक का संचालन

बैठक में समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने का फैसला

नवीन जैन ने किया था । उपस्थित सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को अपना परिचय दिया तथा चीचली ब्लाक के व्यापारियों ने जिले से पधारे सभी पदाधिकारीयों का फूल माला से स्वागत किया ।

फिर चीचली पटाखा व्यापारियों के अध्यक्ष दिनेश जैन ने नवीन कार्यकारिणी घोषित की जिसमें सर्व सम्मति से उपाध्यक्ष मनीष ताम्रकार (बेंडर),कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, सचिव बसंत अहिरवार ,सहसचिव नयन ताम्रकार ,संगठन मंत्री आशीष ताम्रकार ,प्रचार मंत्री पराग चौरसिया को चुना गया जबकि संरक्षण समिति में मूलचंद पैगवार ,सुधीर वर्मा ,ओमप्रकाश गोलंदास सदस्य प्रहलाद गोलंदास , रामनाथ गोलदास , पुष्कर पैगवार,कुणाल पैगवार, साहिल ताम्रकार, अंकुल ताम्रकार, राज ताम्रकार दुर्गेश अहिरवार, खेमचंद अहिरवार, मोतीअहिरवार ,अनिल सोनी, हीरालाल अहिरवार, राकेश नामदेव ,गोविंद गोलंदास, इदरीश खान, रेवती रमण बने। इस अवसर पर नरसिंहपुर से पत्रकार मनीष साहू बंटी, शिवम् पांडे मयंक साहू अमन चौरसिया गोटेगांव से सतीश गुप्ता, सतेंद्र जैन,पंकज चौरसिया , शैलेंद्र गुप्ता, नीलेश जैन, गाडरवाड़ा से संजय नेमा, विनय अग्रवाल,राजा नेमा सहित सभी व्यापारी उपस्थित रहे। जिला की अगली बैठक गोटेगांव में रखी जाएगी जिसकी सूचना पृथक से जारी की जाएगी । बैठक संपन्न होने पर आभार आशीष ताम्रकार ने किया।

युवा उत्सव का अंतरमहाविद्यालयीन जिलास्तरीय आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु । स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीआलेंस स्वाहमी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तनर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में युवा उत्सव 20 नवंबर अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तिरीय अंतर्गत सांस्कृनतिक विधायें मंचीय कलायें का आयोजन आईक्यूतएसी के तत्वाविधान में प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राध्या पक सुधा विकरोल के निर्देशन में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामकुमार चौकसे, प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कृष्णार शर्मा प्राचार्य शास. महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर तथा अध्य क्षता प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने की। डॉ. रामकुमार चौकसे कहा कि इस मंच से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है। उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में अवश्य शामिल होना चाहिए।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए